**भारत सरकार**
**रेल मंत्रालय**

**लोक सभा**
**11.03.2026 के**
**अतारांकित प्रश्न सं. 3112 का उत्तर**

**बिहार में रेल लाइन**

**3112. डॉ. आलोक कुमार सुमन:**

**क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:**

**(क)** **बिहार में स्वीकृत की गई या निर्माणाधीन नई रेलवे लाइनों का ब्यौरा क्या है;**

**(ख)** **उक्त नई लाइनों की वर्तमान स्थिति क्या है और उनके पूरा होने की संभावित तिथियां क्या हैं;**

**(ग)** **क्या कोई परियोजना विशेषकर गोपालगंज जैसे जिलों में संपर्क सुधारने के उद्देश्य से है;**

**(घ)** **उक्त परियोजनाओं की अनुमानित लागत कितनी है और वित्तपोषण के स्रोतों का ब्यौरा क्या है; और**

**(ङ)** **उक्त परियोजनाएं क्षेत्रीय आर्थिक विकास और यात्री सुविधा में किस प्रकार योगदान देती हैं?**

**उत्तर**

**रेल, सूचना और प्रसारण एवं इलेक्ट्रोनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री**
**(श्री अश्विनी वैष्णव)**

**(क) से (ङ): बिहार राज्य में पूर्णतः/अंशतः पड़ने वाली अवसंरचना परियोजनाओं और संरक्षा कार्यों के लिए बजट आबंटन निम्नानुसार है:**

| अवधि | परिव्यय |
|---|---|
| 2009-14 | 1,132 करोड़ रुपए प्रति वर्ष |
| 2025-26 | 10,066 करोड़ रुपए (लगभग 9 गुना) |

**वर्ष 2009-14 और 2014-25 के दौरान बिहार राज्य में पूर्णतः/अंशतः पड़ने वाले नए रेलपथ को चालू करने/बिछाने का विवरण निम्नानुसार है:-**

| अवधि | कमीशन किए गए नए रेलपथ | नए रेलपथ की औसत कमीशनिंग |
|---|---|---|
| 2009-14 | 318 कि.मी. | 63.6 कि.मी./वर्ष |
| 2014-25 | 1,899 कि.मी. | 172.6 कि.मी./वर्ष (2.5 गुना से अधिक) |

01.04.2025 तक की स्थिति के अनुसार, बिहार में पूर्णतः/अंशतः पड़ने वाली कुल 4,663 किलोमीटर लंबाई की 86,107 करोड़ रूपए लागत वाली 52 परियोजनाएं (31 नई लाइनें, 01 आमान परिवर्तन और 20 दोहरीकरण) स्वीकृत की गई हैं, जिनमें से 1,014 किलोमीटर लंबाई को चालू किया गया और मार्च '2025 तक 29,353 करोड़ रूपए का व्यय किया गया है। सारांश निम्नानुसार है:-

| कोटि | स्वीकृत की गई परियोजनाओं की संख्या | कुल लंबाई नई लाइन/आमान परिवर्तन/दोहरीकरण (कि.मी. में) | मार्च 2025 तक चालू की गई लंबाई (कि.मी. में) | मार्च 2025 तक कुल व्यय (रु. में) |
|---|---|---|---|---|
| नई लाइन | 31 | 2,691 | 516 | 16,814 |
| आमान परिवर्तन | 1 | 69 | 52 | 544 |
| दोहरीकरण/बहुपथन | 20 | 1,904 | 446 | 11,995 |
| कुल | 52 | 4,663 | 1,014 | 29,353 |

बिहार राज्य में पूर्णतः/अंशतः पड़ने वाली हाल ही में कुछ पूरी की गई परियोजनाओं का विवरण निम्नानुसार है: -

| क्र.सं. | परियोजना | लंबाई (कि.मी.) | लागत (करोड़ रुपए में) |
|---|---|---|---|
| 1 | पटना रेल सह सड़क पुल | 28 | 3,210 |
| 2 | मुंगेर रेल सह सड़क पुल | 15 | 3,040 |
| 3 | कोसी पुल | 22 | 863 |
| 4 | दनियावाँ-बिहारशरीफ नई लाइन | 38 | 354 |
| 5 | चाँदन-बांका नई लाइन | 40 | 496 |
| 6 | रामपुरहाट-मन्दारहिल नई लाइन | 130 | 908 |
| 7 | महाराजगंज-मशरख नई लाइन | 35 | 412 |
| 8 | राजगीर-तिलैया और नटेसर-इस्लामपुर नई लाइन | 67 | 726 |
| 9 | मानसी-सहरसा-पूर्णिया आमान परिवर्तन | 141 | 752 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 10 | जयनगर-नरकटियागंज आमान परिवर्तन | 260 | 967 |
| 11 | कप्तानगंज-छपरा आमान परिवर्तन | 234 | 819 |
| 12 | सकरी-निर्मली और सहरसा-फारबिसगंज आमान परिवर्तन | 206 | 2,113 |
| 13 | मानसी-सहरसा, सहरसा-पूर्णिया और बनमनखी-बिहारीगंज आमान परिवर्तन | 169 | 752 |
| 14 | साहिबगंज-पीरपैंती दोहरीकरण | 23 | 129 |
| 15 | महेशखुँट-थानाबिहपुर दोहरीकरण | 32 | 115 |
| 16 | हाजीपुर-रामदयालु नगर दोहरीकरण | 48 | 367 |
| 17 | पीरपैंती-भागलपुर दोहरीकरण | 51 | 493 |
| 18 | बख्तियारपुर-बाढ़ दोहरीकरण | 19 | 237 |
| 19 | किऊल-गया दोहरीकरण | 124 | 2,462 |
| 20 | हाजीपुर-बछवारा दोहरीकरण | 72 | 930 |
| 21 | दरभंगा बाईपास | 9 | 253 |
| 22 | अररिया-गलगलिया (ठाकुरगंज) नई लाइन | 110 | 2,132 |
| 23 | सरायगढ़ बाईपास लाइन | 5 | 79 |
| 24 | छपरा-छपरा कचहरी तीसरी लाइन | 3 | 33 |

बिहार राज्य में पूर्णतः/अंशतः पड़ने वाली कुछ परियोजनाएं जो शुरू की गई हैं, निम्नानुसार हैं:

| क्रमांक | परियोजना | लंबाई (कि.मी.) | लागत (करोड़ रु. में) |
|---|---|---|---|
| 1 | सकरी-हसनपुर नई लाइन | 76 | 735 |
| 2 | खगड़िया-कुशेश्वरस्थान नई लाइन | 42 | 1,511 |
| 3 | फतुहा-इस्लामपुर नई लाइन | 167 | 2,882 |
| 4 | कोडरमा-तिलैया नई लाइन | 65 | 1,980 |
| 5 | हाजीपुर-सगौली नई लाइन | 151 | 2,702 |
| 6 | अररिया-सुपौल नई लाइन | 96 | 1,925 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 7 | कुर्सेला-बिहारीगंज नई लाइन | 58 | 194 |
| 8 | विक्रमशिला-कटरिया नई लाइन | 26 | 2,171 |
| 9 | झाझा-भाटिया नई लाइन | 20 | 588 |
| 10 | पीरपैंती-जसीडीह नई लाइन | 97 | 2,611 |
| 11 | छितौनी-तमकुही रोड नई लाइन | 59 | 1,731 |
| 12 | जलालगढ़-किशनगंज नई लाइन | 51 | 360 |
| 13 | जोगबनी-बिराटनगर (नेपाल) नई लाइन | 19 | 402 |
| 14 | दरभंगा-कुशेश्वरस्थान नई लाइन | 70 | 367 |
| 15 | मोतिहारी-सीतामढ़ी नई लाइन | 77 | 1,007 |
| 16 | सीतामढ़ी-निर्मली नई लाइन | 189 | 2,833 |
| 17 | नवादा-लक्ष्मीपुर नई लाइन | 137 | 3,121 |
| 18 | आरा-भभुआ रोड नई लाइन | 150 | 2,397 |
| 19 | गया-डालटनगंज नई लाइन | 137 | 2,861 |
| 20 | मुजफ्फरपुर-दरभंगा नई लाइन | 69 | 282 |
| 21 | मुजफ्फरपुर-जनकपुर रोड नई लाइन | 67 | 228 |
| 22 | देहरी ऑनसोन-बंजारी नई लाइन | 35 | 111 |
| 23 | छपरा-मुजफ्फरपुर नई लाइन | 78 | 1,894 |
| 24 | बिहटा-औरंगाबाद नई लाइन | 120 | 2,995 |
| 25 | गया-चात्रा और गया-नटेसर नई लाइन | 135 | 4,543 |
| 26 | बांका-बाराहाट और बांका-भिटिया रोड सहित देवघर-सुल्तानगंज नई लाइन | 154 | 665 |
| 27 | सुल्तानगंज-कटोरिया नई लाइन | 77 | 291 |
| 28 | बरियारपुर-मननपुर नई लाइन | 68 | 251 |
| 29 | हथुआ-भटनी नई लाइन | 80 | 318 |
| 30 | औरंगाबाद टर्मिनल-अनुग्रह नारायण रोड नई लाइन | 13 | 441 |
| 31 | नवादा-पावापुरी नई लाइन | 25 | 492 |
| 32 | जयनगर-बिजलपुरा आमान परिवर्तन | 69 | 790 |
| 33 | धनबाद-सोननगर तीसरी लाइन | 291 | 7,906 |
| 34 | समस्तीपुर-दरभंगा दोहरीकरण | 38 | 826 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 35 | रामपुर डुमरा-ताल-राजेंद्र पुल-अतिरिक्त पुल और दोहरीकरण | 14 | 2,535 |
| 36 | सगौली-वाल्मीकिनगर दोहरीकरण | 110 | 1,456 |
| 37 | मानपुर के लिए गया बाइपास | 2 | 30 |
| 38 | मुजफ्फरपुर-सुगौली दोहरीकरण | 101 | 1,586 |
| 39 | बरौनी-बछवारा तीसरी और चौथी लाइन | 32 | 486 |
| 40 | सोननगर बाइपास (चिरलापोथु से बाघा बिशुनपुर तक) | 10 | 224 |
| 41 | नरकटियागंज-दरभंगा और सीतामढ़ी-मुजफ्फरपुर दोहरीकरण | 256 | 4,080 |
| 42 | छपरा-बलिया पैच दोहरीकरण | 65 | 1,046 |
| 43 | गोरखपुर-वाल्मीकिनगर दोहरीकरण | 96 | 1,121 |
| 44 | कटिहार-कुमेदपुर और कटिहार-मुकुरिया दोहरीकरण | 65 | 943 |
| 45 | भदौरा स्टेशन और कर्मा स्टेशन की सतह पर त्रिभुज रेखा | 11 | 200 |
| 46 | जीसी को आरा-सासाराम लाइन से जोड़ने वाले सासाराम में आरओआर | 9 | 470 |
| 47 | जगजीवन हॉल्ट से मौजूदा आरा-सासाराम लाइन को लिंक केबिन (आरा में वाई-कनेक्टिविटी) के माध्यम से जोड़ने के लिए आरा बाईपास लाइन | 3 | 119 |
| 48 | सोन नगर-अण्डाल मल्टीट्रैकिंग | 749 | 12,334 |
| 49 | नबीनगर (अंकोरा) में बल्ब लाइन | 17 | 612 |
| 50 | पुनारख-बाढ़-बख्तियारपुर नई चौथी लाइन और शेष तीसरी लाइन | 28 | 422 |
| 51 | संजयग्राम से धचना बायपास लाइन | 2 | 34 |
| 52 | आलुआबारी रोड-ठाकुरगंज दोहरीकरण | 20 | 327 |
| 53 | आलुआबारी रोड-न्यू जलपाईगुड़ी तीसरी और चौथी लाइन | 57 | 1,630 |
| 54 | भागलपुर-जमालपुर तीसरी लाइन | 53 | 1,156 |
| 55 | भागलपुर-दुमका-रामपुर का दोहरीकरण | 177 | 3,169 |
| 56 | बख्तियारपुर-राजगीर-तिलैया दोहरीकरण | 104 | 2,192 |
| 57 | बख्तियारपुर-फतुहा तीसरी और चौथी लाइन | 24 | 931 |

पिछले तीन वर्षों (अर्थात 2022-2023, 2023-24, 2024-25 और चालू वित्त वर्ष 2025-26) के दौरान बिहार राज्य में पूर्णतः/अंशतः पड़ने वाली कुल 4,530 किलोमीटर की लंबाई वाले कुल 92 सर्वेक्षणों (16 नई लाइन, 76 दोहरीकरण) को स्वीकृति दी गई है।

रेल परियोजनाओं का क्षेत्रीय रेल-वार विवरण भारतीय रेल की वेबसाइट पर सार्वजनिक रूप से उपलब्ध कराया गया है।

गोपालगंज पहले से ही हथुआ-थावे-मशरख खंड पर एक मौजूदा स्टेशन है और भारतीय रेल नेटवर्क के बाकी हिस्सों से अच्छी तरह से जुड़ा हुआ है।

किसी भी रेल परियोजना की स्वीकृति अनेक मापदंडों/कारकों पर निर्भर करती है, जिनमें निम्नलिखित शामिल हैं:

- प्रत्याशित यातायात पूर्वानुमान और प्रस्तावित मार्ग की लाभप्रदता
- परियोजना द्वारा उपलब्ध कराया गया प्रथम और अंतिम स्थान रेल-संपर्क
- अनुपलब्ध कड़ियों को जोड़ना और अतिरिक्त मार्ग उपलब्ध कराना
- संकुलित/संतृप्त लाइनों का संवर्धन
- राज्य सरकारों/केंद्रीय मंत्रालयों/जनप्रतिनिधियों द्वारा की गईं मांगें
- रेलवे की अपनी परिचालनिक आवश्यकताएँ
- सामाजिक-आर्थिक महत्व
- धन की समग्र उपलब्धता

रेल परियोजना/परियोजनाओं का पूरा होना कई कारकों पर निर्भर करता है, जिनमें निम्नलिखित शामिल हैं:

- राज्य सरकार द्वारा भूमि अधिग्रहण
- वानिकी स्वीकृति
- अतिलंघनकारी जनोपयोगी सेवाओं का स्थानांतरण
- विभिन्न प्राधिकरणों से सांविधिक स्वीकृतियाँ
- क्षेत्र की भूवैज्ञानिक और स्थलाकृतिक परिस्थितियाँ
- परियोजना स्थल के क्षेत्र में कानून एवं व्यवस्था की स्थिति
- परियोजना स्थल विशेष के लिए एक वर्ष में कार्य करने के महीनों की संख्या आदि।

ये सभी कारक परियोजना/परियोजनाओं के पूरा होने के समय और लागत को प्रभावित करते हैं।

*****